# राहुल के विमान को वाराणसी हवाईअड्डे पर उतरने की अनुमति नहीं मिली : कांग्रेस

वाराणसी, 14 फरवरी (भाषा)।

कांग्रेस ने मंगलवार को आरोप लगाया कि राहुल गांधी के विमान को सोमवार देर रात वाराणसी हवाईअड्डे पर उतरने की इजाजत नहीं दी गई और ऐसा बदले की भावना से किया गया।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अजय राय ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी के विमान को उनके वायनांड संसदीय क्षेत्र से लौटने पर यहां हवाई अड्डे पर उतरना था, लेकिन हवाईअड्डा प्राधिकरण ने 'अंतिम समय पर' विमान को उतरने की अनुमति नहीं दी। राय ने कहा कि वह और पार्टी के अन्य नेता अपने नेता की अगवानी के लिए हवाईअड्डे पर थे लेकिन उनके विमान को हवाईअड्डे पर उतरने नहीं दिया गया , फलस्वरूप उन्हें (गांधी को) राष्ट्रीय राजधानी लौटना पड़ा।

राय ने कहा कि पूर्व कांग्रेस प्रमुख गांधी मंगलवार को प्रयागराज के कमला नेहरू मेमोरियल अस्पताल में एक समारोह के लिए प्रयागराज जाने वाले थे।

वाराणसी हवाईअड्डे की निदेशक आर्यमा सान्याल ने कहा कि राहुल गांधी के आने की कोई पूर्व सूचना नहीं थी। उन्होंने कहा कि अंतिम समय में उन्हें 'फ्लाइट कंट्रोलर' से सूचना मिली कि गांधी का हवाईअड्डे पर उतरने का कार्यक्रम रद्द कर दिया गया है।

# राजमार्ग पार कर रही महिलाओं को एसयूवी ने टक्कर मारी, पांच की मौत

पुणे, 14 फरवरी (भाषा)।

महाराष्ट्र के पुणे जिले में नासिक-पुणे राजमार्ग पार कर रही महिलाओं के समूह को एक तेज रफ्तार एसयूवी ने टक्कर मार दी, जिससे इस हादसे में पांच महिलाओं की मौत हो गई जबकि तीन अन्य घायल हो गई हैं।

पुलिस के एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह घटना तब हुई जब 17 महिलाओं का एक समूह रात करीब पौने ग्यारह बजे पुणे शहर से करीब 50 किलोमीटर दूर शिरोली गांव के पास खानपान (कैटरिंग) के काम के लिए मैरिज हाल पहुंचने के लिए राजमार्ग पार कर रहा था। खेड़ थाने के पुलिस के एक अधिकारी ने बताया, 'ये महिलाएं पुणे शहर से पुणे-नासिक राजमार्ग के किनारे स्थित एक मैरिज हाल में खानपान के काम से आई थीं। जब वे राजमार्ग पार कर रही थीं, एक एसयूवी (स्पोर्ट यूटिलिटी व्हीकल) ने उन्हें टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद, एसयूवी चालक 'यू-टर्न' लेने से पहले आगे बढ़ गया और वापस पुणे की ओर चला गया।'

उन्होंने बताया कि दो महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। उन्होंने बताया कि तीन महिलाओं को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अधिकारी ने बताया कि अज्ञात एसयूवी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच की जा रही है।

# कर्नाटक : छात्र ने खुदकुशी की

मंगलुरु, 14 फरवरी (भाषा)।

कर्नाटक में मंगलुरु जिले के कृष्णपुरा स्थित एक निजी स्कूल के एक 13 वर्षीय छात्र ने सोमवार को आत्महत्या कर ली। पुलिस सूत्रों ने यह जानकारी दी।

छात्र की पहचान कटिपल्ला निवासी हर्षित (13) के रूप में हुई है। मृतक का शव उसके दादा के घर के पीछे एक पेड़ से लटका हुआ मिला था। छात्र सप्ताहांत के दौरान अपने दादा के घर रहता था। उन्होंने बताया कि छात्र ने इतना बड़ा कदम किस वजह से उठाया है इसके कारणों का पता नहीं चला है।

# भाजपा को 2021-22 में 614 करोड़ का चंदा मिला : एडीआर

नई दिल्ली, 14 फरवरी (भाषा)।

चुनाव सुधारों के लिए काम करने वाली संस्था एसोसिएशन फार डेमोक्रेटिक रिफार्म्स (एडीआर) की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि 2021-22 में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को 614 करोड़ रुपए जबकि कांग्रेस को 95 करोड़ रुपए चंदा प्राप्त हुआ। एडीआर की एक रिपोर्ट के मुताबिक, 2021-22 के लिए राष्ट्रीय राजनीतिक दलों ने 7,141 चंदों से (20,000 रुपए से अधिक) प्राप्त कुल चंदा 780.774 करोड़ रुपए घोषित किया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भाजपा ने 4,957 चंदों से कुल 614.63 करोड़ रुपए प्राप्त होने की घोषणा की है। इसके बाद कांग्रेस का स्थान है जिसने 1,255 चंदों से 95.46 करोड़ रुपए मिलने की घोषणा की है। भाजपा द्वारा घोषित चंदा इस अवधि के लिए कांग्रेस, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा), भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा), मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा), एनपीईपी, तृणमूल कांग्रेस द्वारा घोषित कुल चंदे से तीन गुना अधिक है।

एडीआर ने कहा कि बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने घोषणा की है कि उसे 2021-22 के दौरान 20,000 रुपए से अधिक का कोई चंदा नहीं प्राप्त नहीं हुआ, जैसा कि वह पिछले 16 वर्षों से घोषणा करती रही है। राष्ट्रीय दलों के लिए कुल चंदा 2021-22 के दौरान 187.03 करोड़ रुपए बढ़ गया जो 2020-21 से 31.50 फीसद अधिक है। भाजपा को चंदा 2020-21 के 477.55 करोड़ रुपए से बढ़ कर 2021-22 में 614.63 करोड़ रुपए हो गया जो एक साल में 28.71 फीसद तक की वृद्धि है। कांग्रेस का चंदा वित्त वर्ष 2020-21 के 74.52 करोड़ रुपए से बढ़ कर 2021-22 के दौरान 95.46 करोड़ रुपए हो गया, जो 28.09 फीसद की वृद्धि है। माकपा और राकांपा ने 2020-21 की तुलना में 2021-22 में चंदे की राशि क्रम से 22.06 फीसद (2.85 करोड़ रुपए) और 40.50 प्रतिशत (24.10 लाख रुपए) कम प्राप्त होने की घोषणा की है।

राजनीतिक दलों द्वारा चुनाव आयोग को सौंपी गई उनकी चंदा रिपोर्ट से यह जानकारी मिली है। भाजपा और कांग्रेस को प्राप्त चंदे में 353 करोड़ रुपए प्रूडेंट इलेक्टोरल ट्रस्ट ने दिया है जो अधिकतम राशि पाने वाले दलों को शीर्ष चंदा देने वाला है। रिपोर्ट में कहा गया है कि नुवोको विस्टाज कारपोरेशन लिमिटेड ने कांग्रेस को 15 करोड़ रुपए का चंदा दिया है।

### पुलवामा हमले की बरसी

# दिग्विजय सिंह ने सैनिकों की मौत के लिए खुफिया नाकामी को जिम्मेदार ठहराया

भोपाल, 14 फरवरी (भाषा)।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने मंगलवार को यह कहकर विवाद खड़ा कर दिया कि वर्ष 2019 में पुलवामा में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के 40 जवान जबरदस्त खुफिया विफलता के कारण शहीद हुए थे। वहीं, सीआरपीएफ के काफिले पर पुलवामा आत्मघाती हमले की बरसी पर सिंह के एक ट्वीट पर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने मांग की कि कांग्रेस पार्टी के डीएनए की जांच की जाए।

दिग्विजय सिंह ने ट्वीट किया, 'आज हम उन 40 सीआरपीएफ शहीदों को श्रद्धांजलि देते हैं जो पुलवामा में जबरदस्त खुफिया विफलता के कारण शहीद हो गए। मुझे उम्मीद है कि सभी शहीद परिवारों का उचित पुनर्वास किया गया है।' वर्ष 2019 में आज ही के दिन जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में सीआरपीएफ के काफिले में एक आत्मघाती हमलावर द्वारा अपने वाहन से टक्कर मारने के बाद 40 से अधिक सैनिकों ने सर्वोच्च बलिदान दिया। जवाबी हमले में, भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान के बालाकोट में आतंकी शिविरों को निशाना बनाया। चौहान ने संवाददाताओं से कहा, 'मुझे लगता है कि दिग्विजय जी की बुद्धि काम नहीं कर रही है, उसकी नाकामी है यह, वह देश की सेना का अपमान करते हैं। वह पाकिस्तान की भाषा बोलते हैं। वह सेना का मनोबल गिराने की कोशिश करते हैं।'

इस मुद्दे पर कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और पार्टी सांसद राहुल गांधी से जवाब मांगते हुए चौहान ने कहा कि यह पता लगाने के लिए जांच की जरूरत है कि दिग्विजय के दिमाग में देश के खिलाफ और सेना के खिलाफ बोलने का बीज डालता कौन है। उन्होंने कहा कि जांच कांग्रेस पार्टी के डीएनए की होना चाहिए....जो भारत जोड़ने के नाम पर पदयात्रा में भारत तोड़ने वालों के साथ घूमती है।

# नई चप्पल नहीं दिलाई तो बच्चे ने की आत्महत्या

औरंगाबाद, 14 फरवरी (भाषा)।

महाराष्ट्र के बीड जिले में नाना-नानी द्वारा नई चप्पल खरीदने से मना करने पर एक लड़के ने कथित तौर पर खुदकुशी कर ली। पुलिस के एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

अधिकारी ने बताया कि घटना सोमवार दोपहर करीब साढ़े बारह बजे की है। उन्होंने बताया कि बच्चा अपने नाना-नानी के साथ रहता था। लड़के के माता-पिता दोनों खेतिहर मजदूर हैं। जिले के दिनरुद थाने के अधिकारी ने बताया कि सोमवार को लड़के ने एक नई जोड़ी चप्पल खरीद देने के लिए कहा था लेकिन उसके नाना-नानी उसकी मांग पर सहमत नहीं हुए।


नेशनल फर्टिलाइज़र्स लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम)
एन एफ एल NFL
ए-11,सेक्टर-24, नोएडा-201301
फोनः 0120 2412294, 2412445, फैक्सः 0120 2412218

संदर्भ संख्या: NFL/CMO/ABD/WSF/2023-24/01 दिनांक: 15.02.2023

ई-प्रापण सूचना

संभावित बोलीदाताओं से विभिन्न राज्यों में विपणन के लिए जल में घुलनशील उर्वरकों की खरीद के लिए बोलियां आमंत्रित की जाती हैं। संपूर्ण विवरण के लिए वेबसाइट https://etenders.gov.in/eprocure/app (ई-टेंडरिंग) और www.nationalfertilizers.com (होमपेज) देखें।
ई-टेंडर नं.: 2023_NFL_145252_1, निविदा जमा करने की अंतिम तिथि/ तकनीकी निविदा दस्तावेज खोलने की तिथि क्रमशः 15:30 बजे 01.03.2023 / 15.30 बजे 02.03.2023 है। इस निविदा के लिए किसी भी शुद्धिपत्र (पत्रों) को केवल हमारी वेबसाइटों पर ही प्रकाशित किया जाएगा।
मुख्य महाप्रबंधक (विपणन)

@NFL_Kisan @nationalfertilizers National Fertilizers Limited



UFLEX 'A part of your daily life' यूफ्लैक्स लिमिटेड
CIN: L74899DL1988PLC032166
रजिस्टर्ड ऑफिस : 305, तीसरी मंजिल, भानोट कॉर्नर, पम्पोश एन्कलेव, ग्रेटर कैलाश-1, नई दिल्ली. 110048
फोन : 91-11-26440917, 26440925 फैक्स : +91-11-26216922 वेबसाईट : www.uflexltd.com ई-मेल : secretarial@uflexltd.com

31.12.2022 को समाप्त तिमाही एवं नौ माह के अनंकेक्षित समेकित एवं स्टैंडअलोन वित्तीय परिणाम

(₹ लाखों में)

| क्रं० सं० | विवरण | समेकित | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 31.12.2022 को समाप्त तिमाही (अनंकेक्षित) | 30.09.2022 को समाप्त तिमाही (अनंकेक्षित) | 31.12.2021 को समाप्त तिमाही (अनंकेक्षित) | 31.12.2022 को समाप्त नौ माह (अनंकेक्षित) | 31.12.2021 को समाप्त नौ माह (अनंकेक्षित) | 31.03.2022 को समाप्त वर्ष (अंकेक्षित) |
| 1. | कुल आय | 349640 | 384882 | 347429 | 1139098 | 927160 | 1323679 |
| 2. | अवधि के लिए कर पूर्व लाभ / (हानि) असाधारण मदों से पूर्व | 89 | 24220 | 39755 | 71869 | 92465 | 142040 |
| 3. | असाधारण मद (संदर्भ नोट सं0 2) | 8417 | – | – | 8417 | – | 3810 |
| 4. | अवधि के लिए कर पूर्व लाभ / (हानि) | (8328) | 24220 | 39755 | 63452 | 92465 | 138230 |
| 5. | अवधि के लिए कर पश्चात शुद्ध लाभ / (हानि) | (8547) | 19075 | 31351 | 47993 | 74884 | 109943 |
| 6. | अवधि के लिए शुद्ध लाभ / (हानि) गैर-नियंत्रित हित के पश्चात | (8541) | 19072 | 31321 | 47980 | 74798 | 109826 |
| 7. | अवधि के लिए कुल व्यापक आय | 4825 | 17722 | 29133 | 78871 | 75984 | 115728 |
| | अवधि के लिए कुल व्यापक आय निम्नानुसार संबंधित | | | | | | |
| | होल्डिंग कंपनी का स्वामित्व | 4831 | 17719 | 29103 | 78858 | 75898 | 115611 |
| | गैर-नियंत्रित हित | (6) | 3 | 30 | 13 | 86 | 117 |
| 8. | समतुल्य अंश पूंजी | 7221 | 7221 | 7221 | 7221 | 7221 | 7221 |
| 9. | अन्य समतुल्य, गैर-नियंत्रित हित के अतिरिक्त, पूर्व वर्ष के तुलन पत्र के अनुसार | 661435 | 661435 | 547629 | 661435 | 547629 | 661435 |
| 10. | प्रति शेयर आय (₹ में) (अवार्षिकृत) मूल | (11.83) | 26.41 | 43.37 | 66.45 | 103.58 | 152.09 |
| | तरल | (11.83) | 26.41 | 43.37 | 66.45 | 103.58 | 152.09 |

(₹ लाखों में)

| क्रं० सं० | विवरण | स्टैंडअलोन | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 31.12.2022 को समाप्त तिमाही (अनंकेक्षित) | 30.09.2022 को समाप्त तिमाही (अनंकेक्षित) | 31.12.2021 को समाप्त तिमाही (अनंकेक्षित) | 31.12.2022 को समाप्त नौ माह (अनंकेक्षित) | 31.12.2021 को समाप्त नौ माह (अनंकेक्षित) | 31.03.2022 को समाप्त वर्ष (अंकेक्षित) |
| 1. | कुल आय | 171343 | 172057 | 143463 | 513039 | 402184 | 572059 |
| 2. | अवधि के लिए कर पूर्व लाभ / (हानि) | 6032 | 4829 | 6358 | 20903 | 16515 | 27142 |
| 3. | अवधि के लिए कर पश्चात शुद्ध लाभ / (हानि) | 4936 | 3648 | 5310 | 16102 | 13908 | 22233 |
| 4. | अवधि के लिए कुल व्यापक आय | 5020 | 3813 | 5328 | 16187 | 14101 | 22387 |
| 5. | समतुल्य अंश पूंजी | 7221 | 7221 | 7221 | 7221 | 7221 | 7221 |
| 6. | अन्य समतुल्य, गैर-नियंत्रित हित के अतिरिक्त, पूर्व वर्ष के तुलन पत्र के अनुसार | 260995 | 260995 | 240414 | 260995 | 240414 | 260995 |
| 7. | प्रति शेयर आय (₹ में) (अवार्षिकृत) मूल | 6.84 | 5.05 | 7.35 | 22.30 | 19.26 | 30.79 |
| | तरल | 6.84 | 5.05 | 7.35 | 22.30 | 19.26 | 30.79 |

नोटः-
1. उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन दायित्व और अन्य प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंज में जमा किए गए 31 दिसम्बर 2022 को समाप्त तिमाही एवं नौ माह के अनंकेक्षित, समेकित एवं स्टैंडअलोन वित्तिय विवरण के विस्तृत प्रारूप का सारकित अंश है। 31 दिसम्बर 2022 को समाप्त तिमाही एवं नौ माह के अनंकेक्षित, समेकित एवं स्टैंडअलोन वित्तीय विवरण का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइटों (www.nseindia.com, www.bseindia.com) तथा कंपनी की वेबसाइट (www.uflexltd.com) पर उपलब्ध है।
2. Egypt के द्वारा उनकी मुद्रा का अवमूल्यन 27 अक्टूबर 2022 व उससे पूर्व 22 मार्च 2022 को किया गया जिसके परिणामस्वरुप Flex P. Films (Egypt) S.A.E. को अवमूल्यन से संबंधित तिथि पर विदेशी मुद्रा बकाया शेष पर हुए अप्राप्य / कल्पित विनिमय हानि को प्रासंगित प्रस्तुत अवधियों की एक आसाधारण वस्तु के रूप में प्रकट किया जाता है।

कृते यूफ्लैक्स लिमिटेड
हस्ता/-
अशोक चतुर्वेदी
(चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक)
DIN - 00023452

स्थानः नोएडा
दिनांकः 14 फरवरी 2023



आज़ादी का अमृत महोत्सव G20
दि न्यू इन्डिया एश्योरन्स कंपनी लिमिटेड
The New India Assurance Co. Ltd

बॉर्न टू लीड

दि न्यू इन्डिया एश्योरन्स कं. लि. THE NEW INDIA ASSURANCE CO. LTD.

सकल रिटर्न प्रीमियम रु. 28,440 करोड़

कर पश्चात लाभ रु. 900 करोड़

साल्वन्सी अनुपात 1.91 टाइम्स

Information Security Management System ISO 27001 Certified

31 दिसंबर 2022 को समाप्त तिमाही और अवधि के लिए स्टैंडअलोन और समेकित गैर-लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का सार

(रु. करोड़ में)

| अ. क्र. | विवरण | स्टैंडअलोन | | | | | | समेकित | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | तिमाही समाप्त | | | अवधि समाप्त | | 31 मार्च 2022 को समाप्त | तिमाही समाप्त | | | अवधि समाप्त | | 31 मार्च 2022 को समाप्त |
| | | 31 दिसंबर 2022 | 30 सितंबर 2022 | 31 दिसंबर 2021 | 31 दिसंबर 2022 | 31 दिसंबर 2021 | | 31 दिसंबर 2022 | 30 सितंबर 2022 | 31 दिसंबर 2021 | 31 दिसंबर 2022 | 31 दिसंबर 2021 | |
| 1 | सकल लिखित प्रीमियम | 9243 | 8848 | 9059 | 28440 | 27898 | 36835 | 9321 | 8952 | 9127 | 28736 | 28124 | 37128 |
| 2 | शुद्ध लिखित प्रीमियम | 7422 | 7095 | 7142 | 22559 | 21929 | 29760 | 7462 | 7140 | 7178 | 22703 | 22051 | 29917 |
| 3 | कर देने से पूर्व लाभ | 914 | 24 | 587 | 1086 | 818 | 160 | 908 | 38 | 595 | 1106 | 848 | 178 |
| 4 | कर के बाद लाभ | 749 | 34 | 491 | 900 | 708 | 164 | 745 | 42 | 494 | 917 | 728 | 178 |
| 5 | सॉल्वेंसी अनुपात (बार) | 1.91 | 1.77 | 1.83 | 1.91 | 1.83 | 1.66 | 1.91 | 1.77 | 1.83 | 1.91 | 1.83 | 1.66 |
| 6 | निवल मूल्य | 19652 | 18574 | 18610 | 19652 | 18610 | 18232 | 20421 | 19341 | 19326 | 20421 | 19326 | 18954 |
| 7 | प्रति शेयर आय (पूर्ण आंकड़े) | 4.54 | 0.20 | 2.98 | 5.46 | 4.29 | 1.00 | 4.47 | 0.31 | 3.05 | 5.59 | 4.53 | 1.18 |

टिप्पणीः 1. उपरोक्त सेबी (सूचीकरण और अन्य प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम 2015 के विनियम 33 और विनियम 52 के तहत स्टॉक एक्सचेंजों के साथ फाइल किए गए तिमाही और छमाही के वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक उद्धरण है। तिमाही और छमाही समाप्त वित्तीय का पूर्ण प्रारूप परिणाम स्टॉक एक्सचेंजों (www.bseindia.com और www.nseindia.com) और कंपनी (www.newindia.co.in) की वेबसाइटों पर उपलब्ध हैं।
2. उपरोक्त परिणामों की लेखापरीक्षा समिति द्वारा समीक्षा की गई और बोर्ड द्वारा 13 फरवरी, 2023 को आयोजित उनकी बैठक में अनुमोदित किया गया। इन्हें वैधानिक लेखापरीक्षकों द्वारा सीमित समीक्षा के अधीन भी किया गया है।

जगह : मुंबई
दिनांक : 13 फरवरी, 2023

दि न्यू इन्डिया एश्योरन्स कं. लि. की ओर से एवं उन्हीं के लिए
हस्ता./-
नीरजा कपूर
अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक
डीआईएन 09733917

टोल फ्री 1800-209-1415
www.newindia.co.in

NEW INDIA ASSURANCE
दि न्यू इन्डिया एश्योरन्स कंपनी लिमिटेड
The New India Assurance Co. Ltd

पंजीकृत और प्रधान कार्यालयः न्यू इंडिया एश्योरेंस बिल्डिंग, 87, एम.जी. रोड, फोर्ट, मुंबई-400 001, भारत
IRDAI REGN No. 190
CIN : L66000MH1919GO1000526


www.readwhere.com